**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–30.11.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में हुए शामिल, कल समापन सत्र को करेंगे संबोधित, आंतरिक सुरक्षा और साइबर अपराध जैसी कई चुनौतियों पर हो रही चर्चा।**
2. **केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने लातेहार में अधिकारियों के साथ की अहम बैठक, नीति आयोग के मानकों का पालन और विकास के लिए विजन एण्ड एक्शन प्लान बनाने का निर्देश**
3. **रांची होकर गुजरने वाली आधा दर्जन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन पांच दिसंबर तक रद्द, पन्द्रह ट्रेनों के मार्ग में बदलाव, आद्रा रेल मंडल में विकास कार्य की वजह से रेलवे ने लिया निर्णय।**
4. **पलामू में रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी कार्रवाई, मानव तस्करी के शिकार नौ नाबालिग कराए गए मुक्त, एक मानव तस्कर गिरफ्तार, बच्चों को पंजाब ले जाने की थी योजना।**
5. **राज्य के कोल्हान क्षेत्र में चक्रवातीय तूफान फेंजल का दिखेगा असर, अगले तीन दिनों तक बारिश का अनुमान, पांच दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बढ़ेगी ठंड।**

**समाचार विस्तार से**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। वे कल सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा, राष्ट्रीय सुरक्षा सुलाहकार अजित डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव और सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक तथा सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानूनों, साइबर अपराध, माओवाद की समस्या तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकी के कारण उत्पन्न चुनौतियों के साथ आतंकवाद रोधी रणनीति तथा कानून और व्यवस्था के प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों के बारे में सम्मेलन में विचार–विमर्श हो रहा है।

********************

केंद्रीय पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज लातेहार में अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नीति आयोग के मानकों का शत प्रतिशत पालन तथा जिले के विकास के लिए विजन और एक्शन प्लान के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने सदर अस्पताल का निरीक्षण कर यहां इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी अवलोकन लिया।

********************

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि नई सरकार से हमारी पार्टी को मंत्री पद के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। सदन में हमारे पास सिर्फ दो विधायक हैं। इसलिए कोई दबाव नहीं बनाएंगे और हर कदम पर सरकार का साथ देंगे।

********************

रांची और हटिया स्टेशन से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आज से पांच दिसंबर तक स्थगित रहेगा. दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रद्द की जाने वाली ट्रेनों में बर्धमान–हटिया–बर्दमान मेमू, आद्रा–बरकाकाना–आद्रा मेमू, रांची–आसनसोल–रांची बोकारो स्टील सिटी–रांची–बोकारो स्टील सिटी, टाटानगर–हटिया–टाटानगर एक्सप्रेस और खड़गपुर–रांची–खड़गपुर एक्सप्रेस शामिल है। वहीं, 15 ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है।

********************

देश में आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगभग 14 लाख आयुष्मान वय वंदन कार्ड जारी किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने यह जानकारी दी। पेश है एक रिपोर्ट–

***************

रांची जिला प्रशासन द्वारा एक **व्हाट्स एप्प** नंबर जारी किया जाएगा, जिसमें आम जन अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकेंगे। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया जा रहा है।

***************

सरायकेला–खरसावां मे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आज युवाओं के करियर काउंसलिंग का आयो़जन हुआ। जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि आकांक्षा विंग ऑफ एस्पिरेशन कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को करियर के कई विकल्पों की जानकारी मिली।

***************

गिरिडीह जिला प्रशासन की ओर से **पल्स पोलियो अभियान** की तैयारी की जा रही है। औऱ जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

पलामू जिले में रेलवे सुरक्षा बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी के शिकार नौ नाबालिग बच्चों को आज मुक्त करा लिया। मनातू प्रखंड के रहने वाले बच्चों को काम दिलाने के नाम पर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से पंजाब के होशियारपुर ले जाने की योजना थी। इस मामले में एक नाबालिग मानव तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम के टेबो थाना क्षेत्र स्थित तोमरोंग जंगल में पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन–पीएलएफआई के बीच आज हुए मुठभेड़ में एक एरिया कमांडर मारा गया। इलाके में पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है।

***************

मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में उठने वाले चक्रवातीय तूफान फेंजल का राज्य के कोल्हान समेत कई हिस्सों में हल्का असर देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पांच दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ठंड बढ़ सकती है।

***************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- एसीबी की विशेष अदालत ने खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले में आरोपी और बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद सिन्हा को पांच वर्ष की सजा तथा पांच लाख रुपए जुर्माना लगाया है।
- पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में आज डालसा के सहयोग से आयो़जित मासिक लोक अदालत में सुलह–समझौता के आधार पर दस मामलों का निपटारा किया गया।
- जामताड़ा जिले में आठ दिसंबर से चलने वाले पल्स पोलियो अभियान में सवा लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियों की खुराक देने का लक्ष्य है। उपायुक्त कुमुद सहाय ने अधिकारियों को योजनाबद्द तरीके से इस अभियान की तैयारी करने का निर्देश दिया।
- खूंटी के बिरसा कॉलेज की मेजबानी में आयोजित रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट में एसएस मेमोरिलयल कॉलेज ओवरऑल चैंपियन बनी। तीन दिनों तक चले मीट में दस कॉलेजों की भागीदारी रही।